# 1. संख्या पद्धति

## प्रश्नावली 1.1

**Q1. क्या शून्य एक परिमेय संख्या है ? क्या इसे आप $\frac{p}{q}$ के रूप में लिख सकते हैं, जहाँ p और q पूर्णांक हैं और q ≠ 0 है ?**

**Solution:**

हाँ, शून्य एक परिमेय संख्या है, क्योंकि इसे संख्या रेखा पर प्रदर्शित कर सकते हैं | और इसे $\frac{p}{q}$ के रूप में लिख सकते हैं |

0 को के $\frac{p}{q}$ रूप में व्यक्त करने पर $\frac{0}{1}$ प्राप्त होता है जहाँ p = 0 और q = 1 और q ≠ 0 है

**Q2. 3 और 4 के बीच में छ: परिमेय संख्याएँ ज्ञात कीजिए |**

**Solution:**

हमें छ: संख्याएँ प्राप्त करना है |

इसलिए, 6 + 1 = 7

अब, 3 और 4 को परिमेय संख्या के रूप में व्यक्त करने पर,

$\Rightarrow \frac{3}{1}$ और $\frac{4}{1}$

या $\frac{3}{1} \times \frac{7}{7}$ और $\frac{4}{1} \times \frac{7}{7}$ (अंश और हर में 7 से गुणा करने पर)

या $\frac{21}{7}$ और $\frac{28}{7}$

अत: $\frac{21}{7}$ और $\frac{28}{7}$ के बीच में छ: परिमेय संख्या हैं :

$\Rightarrow \frac{22}{7}, \frac{23}{7}, \frac{24}{7}, \frac{25}{7}, \frac{26}{7}, \frac{27}{7}$

Q3. $\frac{3}{5}$ और $\frac{4}{5}$ के बीच पाँच परिमेय संख्या ज्ञात कीजिए |

Durga Tutorial Baniapur DurgaTutorial.com

**Solution:**

यहाँ $\frac{3}{5}$ और $\frac{4}{5}$ दोनों में हर समान है, और पाँच संख्याएँ प्राप्त करना है।

इसलिए, 5 + 1 = 6

$\Rightarrow \frac{3}{5}$ और $\frac{4}{5}$

या $\frac{3}{5} \times \frac{6}{6}$ और $\frac{4}{5} \times \frac{6}{6}$ (अंश और हर में 6 से गुणा करने पर)

या $\frac{18}{30}$ और $\frac{24}{30}$

अत: $\frac{18}{30}$ और $\frac{24}{30}$ के बीच में पाँच परिमेय संख्या हैं :

$\Rightarrow \frac{19}{30}, \frac{20}{30}, \frac{21}{30}, \frac{22}{30}, \frac{23}{30},$

**Q4. नीचे दिए गए कथन सत्य हैं या असत्य? कारण के साथ अपने उत्तर दीजिए।**

**(i) प्रत्येक प्राकृत संख्या एक पूर्ण संख्या होती है।**

**(ii) प्रत्येक पूर्णांक एक पूर्ण संख्या होती है।**

**(iii) प्रत्येक परिमेय संख्या एक पूर्ण संख्या होती है।**

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur
DurgaTutorial.com

**Solution:**

(i) प्रत्येक प्राकृत संख्या एक पूर्ण संख्या होती है। **(सत्य)**

**कारण:** क्योंकि पूर्ण संख्या में सभी प्राकृत संख्याएँ शामिल हैं |

(ii) प्रत्येक पूर्णांक एक पूर्ण संख्या होती है। **(असत्य)**

**कारण:** क्योंकि पूर्णांक में ऋणात्मक पूर्णांक भी होते हैं जबकि पूर्ण संख्याओं में कोई भी संख्या ऋणात्मक नहीं होता हैं |

(iii) प्रत्येक परिमेय संख्या एक पूर्ण संख्या होती है। **(असत्य)**

कारण : परिमेय संख्या में अन्य कई प्रकार के संख्याएँ आती है जिनकों पूर्ण संख्या के जैसे प्रदर्शित नहीं किया जा सकता है |

## प्रश्नावली 1.2

**Q1. नीचे दिए गए कथन सत्य हैं या असत्य हैं? कारण के साथ अपने उत्तर दीजिए।**

**(i) प्रत्येक अपरिमेय संख्या एक वास्तविक संख्या होती है।**

**उत्तर:**

(i) प्रत्येक अपरिमेय संख्या एक वास्तविक संख्या होती है। **(सत्य)**

**कारण:** क्योंकि वास्तविक संख्याओं में अपरिमेय संख्याएँ भी होती है |

**(ii) संख्या रेखा का प्रत्येक बिन्दु $\sqrt{m}$ के रूप का होता है, जहाँ m एक प्राकृत संख्या है।**

**उत्तर:**

(ii) संख्या रेखा का प्रत्येक बिन्दु $\sqrt{m}$ के रूप का होता है, जहाँ m एक प्राकृत संख्या है। **(असत्य)**

**कारण:** संख्या रेखा पर दोनों ऋणात्मक एवं धनात्मक संख्याएँ होती है, परन्तु प्रत्येक बिंदु पर एक वर्गमूल संख्या हो यह संभव नहीं है |

**(iii) प्रत्येक वास्तविक संख्या एक अपरिमेय संख्या होती है।**

**उत्तर:**

(iii) प्रत्येक वास्तविक संख्या एक अपरिमेय संख्या होती है। **(असत्य)**

**कारण:** क्योंकि वास्तविक संख्याओं के समूह में परिमेय सा संख्याएँ एवं अपरिमेय संख्याएँ दोनों होती हैं | केवल अपरिमेय संख्या नहीं होती हैं |

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

**Q2. क्या सभी धनात्मक पूर्णांकों के वर्गमूल अपरिमेय होते हैं? यदि नहीं, तो एक ऐसी संख्या के वर्गमूल का उदाहरण दीजिए जो एक परिमेय संख्या है।**

**उत्तर:**

सभी धनात्मक पूर्णांकों के वर्गमूल अपरिमेय नहीं होते हैं,

हम धनात्मक पूर्णांक 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, और 9 का उदाहरण लेते है |

$\sqrt{1} = 1$ (परिमेय)

$\sqrt{2} = \sqrt{2}$ (अपरिमेय)

$\sqrt{3} = \sqrt{3}$ (अपरिमेय)

$\sqrt{4} = 2$ (परिमेय)

$\sqrt{5} = \sqrt{5}$ (अपरिमेय)

√6 = √6 (अपरिमेय)

√7 = √7 (अपरिमेय)


√8 = √8 (अपरिमेय)

√9 = 3 (परिमेय)

उपरोक्त उदाहरण में हम देखते हैं कि 1, 4 और 9 की वर्गमूल क्रमश: 1, 2, और 3 है जो परिमेय संख्या है |

**Q3. दिखाइए कि संख्या रेखा पर $\sqrt{5}$ को किस प्रकार निरूपित किया जा सकता है।**

**Solution:**




OA = 1 इकाई, AB = 1 इकाई,

समकोण ΔAOB में, पाइथोगोरस प्रमेय से,

$OB^2 = OA^2 + AB^2$

$OB^2 = 1^2 + 1^2$

$OB^2 = 2$

$OB = \sqrt{2}$

अब समकोण ΔBOC में, पाइथोगोरस प्रमेय से,

$OC^2 = OB^2 + BC^2$

$OC^2 = (\sqrt{2})^2 + 1^2$

$OC^2 = 2 + 1 = 3$

$OC = \sqrt{3}$

अब समकोण ΔCOD में, पाइथोगोरस प्रमेय से,

$OD^2 = OC^2 + DC^2$

$OD^2 = (\sqrt{3})^2 + 1^2$

$OD^2 = 3 + 1 = 4$

$OD = \sqrt{4} = 2$

अब समकोण ΔDOE में, पाइथोगोरस प्रमेय से,

Durga Tutorial Baniapur Since 1996 DurgaTutorial.com

$OE^2 = OD^2 + DE^2$

$OE^2 = (2)^2 + 1^2$

$OE^2 = 4 + 1 = 5$

$OE = \sqrt{5}$

अब O को केंद्र और OE को त्रिज्या मानकर एक चाप खींचेगे जो संख्या रेखा को OE' पर प्रतिच्छेद करता है जहाँ $OE = OE' = \sqrt{5}$ है |

## प्रश्नावली 1.3

**Q1. निम्नलिखित भिन्नों को दशमलव रूप में लिखिए और बताइए कि प्रत्येक का दशमलव प्रसार किस प्रकार का है:**

(i) $\frac{36}{100}$ (ii) $\frac{1}{11}$ (iii) $4\frac{1}{8}$

(iv) $\frac{3}{13}$ (v) $\frac{2}{11}$ (vi) $\frac{329}{400}$

**Solution:**

(i) $\frac{36}{100} = 0.36$ सांत दशमलव प्रसार है |

(ii) $\frac{1}{11} = 0.\overline{09}$ असांत अनवसानी आवर्ती दशमलव प्रसार है |

(iii) $4\frac{1}{8} = \frac{33}{8} = 4.125$ सांत दशमलव प्रसार है |

(iv) $\frac{3}{13} = 0.\overline{230769}$ असांत अनवसानी आवर्ती दशमलव प्रसार है |

(v) $\frac{2}{11} = 0.\overline{18}$ असांत अनवसानी आवर्ती दशमलव प्रसार है |

(vi) $\frac{329}{400} = 0.8225$ सांत दशमलव प्रसार है |

Durga Tutorial Baniapur
DurgaTutorial.com

Q2. आप जानते हैं कि $\frac{1}{7} = 0.\overline{142857}$ हैं | वास्तव में, लंबा भाग दिए बिना क्या आप यह बता सकते हैं कि $\frac{2}{7}, \frac{3}{7}, \frac{4}{7}, \frac{5}{7}, \frac{6}{7}$ के दशमलव प्रसार क्या है ? यदि हाँ, तो कैसे ?

**Solution:**

$\frac{2}{7} = 2 \times \frac{1}{7} = 2 \times 0.\overline{142857} = 0.\overline{285714}$

$\frac{3}{7} = 3 \times \frac{1}{7} = 3 \times 0.\overline{142857} = 0.\overline{428571}$

$\frac{4}{7} = 4 \times \frac{1}{7} = 4 \times 0.\overline{142857} = 0.\overline{571428}$

$\frac{5}{7} = 5 \times \frac{1}{7} = 5 \times 0.\overline{142857} = 0.\overline{714285}$

$\frac{6}{7} = 6 \times \frac{1}{7} = 6 \times 0.\overline{142857} = 0.\overline{857142}$

**Q3. निम्नलिखित को $\frac{p}{q}$ के रूप में व्यक्त कीजिए, जहाँ p और q पूर्णांक है तथा q ≠ 0 है :**

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

Q3. निम्नलिखित को $\frac{p}{q}$ के रूप में व्यक्त कीजिए, जहाँ p और q पूर्णांक हैं तथा $q \neq 0$ है:

(i) $0.\overline{6}$ (ii) $0.4\overline{7}$ (iii) $0.\overline{001}$

**हल :** (i) माना $x = 0.\overline{6}$ .......... (i)

दोनों तरफ 10 से गुणा करने पर

$10x = 6.\overline{6}$ ...................... (ii)

अब समीकरण (ii) में से समी॰ (i) घटाने पर

$10x = 6.\overline{6}$ ...................... (ii)

$-\ x = 0.\overline{6}$ ............... (i)

$9x = 6.0$

$\therefore \quad x = \frac{6}{9}$

अत: $0.\overline{6} = \frac{6}{9}$

**नोट:** जब 1 संख्या पर बार लगा हो तो 10 से गुणा करेंगे, जब 2 संख्या पर बार लगा हो तो 100 से गुणा होगा और जब 3 संख्या पर बार लगा हो तो 1000 से गुणा करना होता है |

जैसे -

$0.\overline{6}$ हो तो 10 से

$0.\overline{61}$ हो तो 100 से और

$0.\overline{001}$ हो तो 1000 से

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

**(ii)** $0.4\overline{7}$

Solution:

माना $x = 0.4\overline{7}$ ...................... (1)

समी० (1) में दोनों तरफ 10 से गुणा करने पर

$10x = 4.\overline{7}$ ........................(2)

पुन: समी० (1) में दोनों तरफ 100 से गुणा करने पर

$100x = 47.\overline{7}$ ........................(3)

समीकरण (3) में से (2) घटाने पर

$100x - 10x = 47.\overline{7} - 4.\overline{7}$

$90x = 43$

$$x = \frac{43}{90}$$

इसलिए, $0.4\overline{7} = \frac{43}{90}$

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

(iii) $0.\overline{001}$

Solution:

माना $x = 0.\overline{001}$ ...................... (1)

समी० (1) में दोनों तरफ 1000 से गुणा करने पर

$1000x = 1.\overline{001}$ ......................(2)

समीकरण (2) में से (1) घटाने पर

$1000x - x = 1.\overline{001} - 0.\overline{001}$

$999x = 1$

$x = \frac{1}{999}$

इसलिए, $0.\overline{001} = \frac{1}{999}$

Durga Tutorial Baniapur DurgaTutorial.com

**Q4. 0.99999..... को $\frac{p}{q}$ रूप में व्यक्त कीजिए। क्या आप अपने उत्तर से आश्चर्यचकित है?**

Solution:

माना $x = 0.99999.....$ .................... (1)

समी० (1) में दोनों तरफ 10 से गुणा करने पर

$10x = 9.99999.....$ .................... (2)

समीकरण (2) में से (1) घटाने पर

$10x - x = 9.99999... - 0.99999...$

$9x = 9$

$x = \frac{9}{9} = 1$

इसलिए, $0.99999... = 1$

**Q5. $\frac{1}{17}$ के दशमलव प्रसार में अंकों के पुनरावृति खंड में अंकों की अधिकतम संख्या क्या हो सकती है ? अपने उत्तर की जाँच करने के लिए विभाजन क्रिया कीजिए |**

**हल :** $\frac{1}{17} = 0.0588235294117647......$

पुनरावृति खंड में अंको की अधिकतम संख्या 16 हो सकती है |

Durga Tutorial
Barnapur
DurgaTutorial.com

```
      0.0588235294117647.....
   ___________________________
17 ) 1.00000000000000
     85
     ___
      150
      136
      ___
       140
       136
       ___
         40
         34
         ___
          60
          51
          ___
           90
           85
           ___
            50
            34
            ___
            160
            153
            ___
              70
              68
              ___
               20
               17
               ___
                30
                17
                ___
                130
                119
                ___
                 110
                 102
                 ___
                   80
                   68
                   ___
                   120
                   119
                   ___
                     1
```

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

**Q6. $\frac{p}{q}$ (q ≠ 0) के रूप की परिमेय संख्याओं के अनेक उदहारण लीजिए, जहाँ p और q पूर्णांक हैं, जिनका 1 के अतिरिक्त अन्य कोई उभयनिष्ठ गुणनखंड नहीं है और जिसका सांत दशमलव निरूपण (प्रसार) है | क्या आप यह अनुमान लगा सकते हैं कि q को कौन-सा गुण अवश्य संतुष्ट करना चाहिए ?**

**हल :** $\frac{9}{2}, \frac{7}{4}, \frac{12}{5}, \frac{17}{10}, \frac{2}{5}$ इत्यादि परिमेय संख्याओं के अनेक उदहारण है जहाँ p और q पूर्णांक हैं जिनका 1 के अतिरिक्त अन्य कोई उभयनिष्ठ गुणनखंड नहीं है अर्थात ये सह-अभाज्य संख्याएं हैं और इनका सांत दशमलव प्रसार है |

$\frac{9}{2} = 4.5$

$\frac{7}{4} = 1.75$

$\frac{12}{5} = 2.4$

$\frac{17}{10} = 1.7$

$\frac{2}{5} = 0.4$

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

सांत दशमलव प्रसार के लिए q का अभाज्य गुणनखंड $2^n$ या $5^n$ या $2^m \times 5^n$ के रूप का होना चाहिए |

**Q7. ऐसी तीन संख्याएँ लिखिए जिनके दशमलव प्रसार अनवसानी अनावर्ती हों |**

**हल :** सभी अपरिमेय संख्याएँ अनवसानी अनावर्ती दशमलव प्रसार देती है | इसलिए

तीन उदाहरण हैं –

$\sqrt{2}, \sqrt{3}, \sqrt{5}$ आदि |

**Q8. परिमेय संख्याओं $\frac{5}{7}$ और $\frac{9}{11}$ के बीच की तीन अलग-अलग अपरिमेय संख्याएँ ज्ञात कीजिए**

**हल :**

$\frac{5}{7} = 0.714285$ .......

$\frac{9}{11} = 0.81818181$........

अर्थात 0.714285 ……. और 0.81818181… के बीच तीन अपरिमेय संख्याएँ हैं |

(i) 0.72010010001……

(ii) 0.751121231234……..

(iii) 0.80145672434890………

**Q9. बताइए कि निम्नलिखित संख्याओं में कौन-कौन संख्याएँ परिमेय और कौन-कौन संख्याएँ अपरिमेय हैं |**

**(i)** √23

**हल :** अपरिमेय संख्या हैं |

**(ii)** √225 = **15**

**हल :** परिमेय संख्या है |

**(iii) 0.3796**

**हल :** परिमेय सख्या है |

**(iv) 7.478778 ....**

**हल :** अपरिमेय संख्या हैं |

**(v) 1.101001000100001…..**


**हल :** अपरिमेय संख्या हैं |

# प्रश्नावली 1.4

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur DurgaTutorial.com

Q1. उत्तरोत्तर आवर्धन करके संख्या रेखा पर 3.765 को देखिये |


**हल :**




Q2. 4 दशमलव स्थानों तक संख्या रेखा पर 4.2626.... को देखिए |

**हल :** 4 दशमलव स्थान तक 4.2626.... है |

DurgaTutorial.com




Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

**Exercise 1.5**

**Q1. बताइए नीचे दी गई संख्याओं में से कौन-कौन परिमेय हैं और कौन-कौन अपरिमेय है :**

**(i) $2 - \sqrt{5}$ (ii) $(3 + \sqrt{23}) - \sqrt{23}$ (iii) $\frac{2\sqrt{7}}{7\sqrt{7}}$**

**(iv) $\frac{1}{\sqrt{2}}$ (v) $2\pi$**

**हल :** (i) $2 - \sqrt{5}$ एक अपरिमेय संख्या है क्योंकि एक पूर्णांक में से एक अपरिमेय संख्या घटाने पर अपरिमेय संख्या ही प्राप्त होता है |

**हल :** (ii) $(3 + \sqrt{23}) - \sqrt{23}$

$\Rightarrow (3 + \sqrt{23}) - \sqrt{23} = 3$

अत: यह एक परिमेय संख्या है | क्योंकि हल करने पर हमें 3 एक पूर्णांक प्राप्त होता है |

**हल :** (iii) $\frac{2\sqrt{7}}{7\sqrt{7}} = \frac{2}{7}$

अत: यह एक परिमेय संख्या है | क्योंकि 2 और 7 दोनों पूर्णांक है |

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

**हल :** (iv) $\frac{1}{\sqrt{2}}$

यह संख्या एक अपरिमेय संख्या है क्योंकि एक पूर्णांक में एक अपरिमेय संख्या से भाग देने पर एक अपरिमेय संख्या ही प्राप्त होता है |

**हल :** (v) $2\pi$

यह संख्या एक अपरिमेय संख्या है क्योंकि एक पूर्णांक में एक अपरिमेय संख्या से गुणा करने पर एक अपरिमेय संख्या ही प्राप्त होता है |

Q2. निम्नलिखित मव्यंजकों में से प्रत्येक व्यंजक को सरल कीजिए :

(i) $(3 + \sqrt{3})(2 + \sqrt{2})$

(ii) $(3 + \sqrt{3})(3 - \sqrt{3})$

(iii) $(\sqrt{5} + \sqrt{2})^2$

(iv) $(\sqrt{5} - \sqrt{2})(\sqrt{5} + \sqrt{2})$

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

**Note:** ध्यान दे कि यहाँ $(3 + \sqrt{3})$ और $(2 + \sqrt{2})$ के बीच गुणा कि क्रिया करना है इसलिए ऐसे प्रश्नों का हल दो प्रकार से किया जा सकता है |

(i) गुणा की वैकल्पिक विधि (alternate method) जिसे क्षैतिज विधि भी कहते है :

(ii) सर्वसमिका अर्थात सूत्र (formula) के प्रयोग से

ऐसे प्रश्नों के लिए निम्नलिखित सर्वसमिका का प्रयोग करे |

(a) $(a + b)(a - b) = a^2 - b^2$

(b) $(x + a)(x + b) = x^2 + (a + b)x + ab$

(c) $(a + b)^2 = a^2 + 2ab + b^2$

(d) $(a - b)^2 = a^2 - 2ab + b^2$

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

हल : वैकल्पिक विधि

(i) $(3 + \sqrt{3})(2 + \sqrt{2})$

$= 3(2 + \sqrt{2}) + \sqrt{3}(2 + \sqrt{2})$

$= 3 \times 2 + 3 \times \sqrt{2} + 2\sqrt{3} + \sqrt{3} \times \sqrt{2}$

$= 6 + 3\sqrt{2} + 2\sqrt{3} + \sqrt{6}$

हल : (ii) $(3 + \sqrt{3})(3 - \sqrt{3})$

सर्वसमिका द्वारा -

$(3 + \sqrt{3})(3 - \sqrt{3})$

$= 3^2 - (\sqrt{3})^2$ $[\because (a + b)(a - b) = a^2 - b^2]$

$= 9 - 3$

$= 6$

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

**हल : (iii)** $(\sqrt{5} + \sqrt{2})^2$

**पहली-विधि**

$[\because (a + b)^2 = a^2 + 2ab + b^2]$ सर्वसमिका द्वारा

अत: $(\sqrt{5} + \sqrt{2})^2 = (\sqrt{5})^2 + 2.\sqrt{5}.\sqrt{2} + (\sqrt{2})^2$

$= 5 + 2\sqrt{10} + 2$

$= 7 + 2\sqrt{10}$

**दूसरी-विधि (वैकल्पिक विधि)**

$(\sqrt{5} + \sqrt{2})^2 = (\sqrt{5} + \sqrt{2})(\sqrt{5} + \sqrt{2})$

$= \sqrt{5}(\sqrt{5} + \sqrt{2}) + \sqrt{2}(\sqrt{5} + \sqrt{2})$

$= \sqrt{25} + \sqrt{10} + \sqrt{10} + \sqrt{4}$

$= 5 + \sqrt{10} + \sqrt{10} + 2$

$= 7 + 2\sqrt{10}$

**हल : (iv)** $(\sqrt{5} - \sqrt{2})(\sqrt{5} + \sqrt{2})$

$= (\sqrt{5})^2 - (\sqrt{2})^2$ $[\because (a + b)(a - b) = a^2 - b^2]$

$= 5 - 2$

$= 3$

Durga Tutorial Baniapur DurgaTutorial.com

**Q3. आपको याद होगा कि $\pi$ को एक वृत्त की परिधि (मान लीजिए c ) और उसके व्यास (मान लीजिए d ) के अनुपात से परिभाषित किया जाता है, अर्थात $\pi = \frac{c}{d}$ है | यह इस तथ्य का अन्तर्विरोध करता हुआ प्रतीत होता है कि $\pi$ एक अपरिमेय संख्या है | इस अन्तर्विरोध का निराकरण आप किस प्रकार करेंगे ?**

**हल :** $\pi = \frac{c}{d}$ दरअसल यह वृत्त के परिधि और व्यास का अनुपात है |

जहाँ $\frac{c}{d} = \frac{22}{7}$ सिर्फ $\pi$ का अनुमानित मान होता है और जिसका दशमलव मान अनवसानी अनावर्ती प्रसार होता है |

Durga Tutorial
1996
Baniapur
DurgaTutorial.com

**Q4. संख्या रेखा पर √9.3 को निरुपित कीजिए |**


**हल :**

(i) एक 9.3 cm का रेखाखंड AB खींचिए और से 1 cm आगे बिंदु C तक बढाइये |

(ii) इसप्रकार बने रेखाखंड AC का लंब समद्विभाजक खींचिए जो AC को बिंदु O पर काटती है |

(iii) AO या CO को वृत्त की त्रिज्या मानकर एक अर्धगोला खींचिए |

(iv) बिंदु B से AC पर लंब खींचिए जो अर्धवृत की परिधि को बिंदु D पर काटती है | BD या BE अभीष्ट √9.3 का संख्या रेखा पर माप है |




BD = BE = $\sqrt{9.3}$

Q5. निम्नलिखित के हरों का परिमेयकरण कीजिए :

(i) $\frac{1}{\sqrt{7}}$ (ii) $\frac{1}{\sqrt{7}-\sqrt{6}}$ (iii) $\frac{1}{\sqrt{5}+\sqrt{2}}$ (iv) $\frac{1}{\sqrt{7}-2}$

हल : (i) $\frac{1}{\sqrt{7}}$

हर का परिमेयकरण करने पर

$$\frac{1}{\sqrt{7}} \times \frac{\sqrt{7}}{\sqrt{7}} = \frac{\sqrt{7}}{\sqrt{49}} = \frac{\sqrt{7}}{7}$$

हल : (ii) $\frac{1}{\sqrt{7}-\sqrt{6}}$

हर का परिमेयकरण करने पर

$$\Rightarrow \frac{1}{\sqrt{7}-\sqrt{6}} \times \frac{\sqrt{7}+\sqrt{6}}{\sqrt{7}+\sqrt{6}}$$

$$= \frac{\sqrt{7}+\sqrt{6}}{(\sqrt{7}-\sqrt{6})(\sqrt{7}+\sqrt{6})}$$

$$= \frac{\sqrt{7}+\sqrt{6}}{(\sqrt{7}^2-\sqrt{6}^2)}$$

$$= \frac{\sqrt{7}+\sqrt{6}}{7-6}$$

$$= \frac{\sqrt{7}+\sqrt{6}}{1}$$

$$= \sqrt{7}+\sqrt{6}$$

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

**हल :** (iii) $\dfrac{1}{\sqrt{5}+\sqrt{2}}$

हर का परिमेयकरण करने पर

$$\frac{1}{\sqrt{5}+\sqrt{2}} \times \frac{\sqrt{5}-\sqrt{2}}{\sqrt{5}-\sqrt{2}}$$

$$= \frac{\sqrt{5}-\sqrt{2}}{(\sqrt{5}+\sqrt{2})(\sqrt{5}-\sqrt{2})}$$

$$= \frac{\sqrt{5}-\sqrt{2}}{\sqrt{5}^2-\sqrt{2}^2}$$

$$= \frac{\sqrt{5}-\sqrt{2}}{5-2}$$

$$= \frac{\sqrt{5}-\sqrt{2}}{3}$$

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

**हल** : (iv) $\frac{1}{\sqrt{7}-2}$

हर का परिमेयकरण करने पर

$$\frac{1}{\sqrt{7}-2} \times \frac{\sqrt{7}+2}{\sqrt{7}+2}$$

$$= \frac{\sqrt{7}+2}{(\sqrt{7}-2)(\sqrt{7}+2)}$$

$$= \frac{\sqrt{7}+2}{\sqrt{7}^2-2^2}$$

$$= \frac{\sqrt{7}+2}{7-4}$$

$$= \frac{\sqrt{7}+2}{3}$$

**प्रश्नावली 1.6**

Durga Tutorial Baniapur
DurgaTutorial.com

**Q1. ज्ञात कीजिए :**

(i) $64^{\frac{1}{2}}$ (ii) $32^{\frac{1}{5}}$ (iii) $125^{\frac{1}{3}}$

हल : (i) $64^{\frac{1}{2}}$

$\Rightarrow 64^{\frac{1}{2}} = (8 \times 8)^{\frac{1}{2}} = (8)^{2 \times \frac{1}{2}} = 8$

हल : (ii) $32^{\frac{1}{5}}$

$\Rightarrow 32^{\frac{1}{5}} = (2 \times 2 \times 2 \times 2 \times 2)^{\frac{1}{5}}$

$= (2)^{5 \times \frac{1}{5}} = 2$

हल : (iii) $125^{\frac{1}{3}}$

$\Rightarrow 125^{\frac{1}{3}} = (5 \times 5 \times 5)^{\frac{1}{3}}$

$= (5)^{3 \times \frac{1}{3}} = 5$

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

**Q2. ज्ञात कीजिए :**

(i) $9^{\frac{3}{2}}$ (ii) $32^{\frac{2}{5}}$ (iii) $16^{\frac{3}{4}}$ (iv) $125^{\frac{-1}{3}}$

**हल :** (i) $9^{\frac{3}{2}}$

$\Rightarrow 9^{\frac{3}{2}} = (3 \times 3)^{\frac{3}{2}} = (3)^{2 \times \frac{3}{2}} = 3^3 = 27$

**हल :** (ii) $32^{\frac{2}{5}}$

$\Rightarrow 32^{\frac{2}{5}} = (2 \times 2 \times 2 \times 2 \times 2)^{\frac{2}{5}}$

$= (2)^{5 \times \frac{2}{5}} = 2^2 = 4$

**हल :** (iii) $16^{\frac{3}{4}}$

$\Rightarrow 16^{\frac{3}{4}} = (2 \times 2 \times 2 \times 2)^{\frac{3}{4}}$

$= (2)^{4 \times \frac{3}{4}} = 2^3 = 8$

Durga Tutorial Baniapur
DurgaTutorial.com

**हल :** (iv) $125^{\frac{-1}{3}}$

$\Rightarrow 125^{\frac{-1}{3}} = (5 \times 5 \times 5)^{\frac{-1}{3}}$

$= (5)^{3 \times \frac{-1}{3}} = 5^{-1}$

$= \frac{1}{5}$

**Q3. सरल कीजिए :**

(i) $2^{\frac{2}{3}} . 2^{\frac{1}{5}}$ (ii) $\left(\frac{1}{3^3}\right)^7$

(iii) $\frac{11^{\frac{1}{2}}}{11^{\frac{1}{4}}}$ (iv) $7^{\frac{1}{2}} . 8^{\frac{1}{2}}$

**हल :** (i) $2^{\frac{2}{3}} . 2^{\frac{1}{5}}$

$\Rightarrow 2^{\frac{2}{3}} . 2^{\frac{1}{5}}$

$= (2)^{\frac{2}{3}+\frac{1}{5}}$

$= (2)^{\frac{10+3}{15}}$

$= (2)^{\frac{13}{15}}$

**हल :** (ii) $\left(\frac{1}{3^3}\right)^7$

$\Rightarrow \left(\frac{1}{3^3}\right)^7 = \frac{1^7}{3^{3\times7}} = \frac{1}{3^{21}}$

**हल :** (iii) $\frac{11^{\frac{1}{2}}}{11^{\frac{1}{4}}}$

$\Rightarrow 11^{\frac{1}{2}-\frac{1}{4}}$

$\Rightarrow 11^{\frac{2-1}{4}}$

$\Rightarrow 11^{\frac{1}{4}}$

**हल :** **(iv)** $7^{\frac{1}{2}} . 8^{\frac{1}{2}}$

$\Rightarrow (7 \times 8)^{\frac{1}{2}} = 56^{\frac{1}{2}}$

DurgaTutorial.com